आई आई एफ सी एल
I I F C L

प्रेस विज्ञप्ति



राज्य में शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए "उत्तराखंड सीएसआर संवाद" में आईआईएफसीएल को सम्मानित किया गया।

देहरादून, 24 सितंबर, 2025: भारत सरकार के पूर्ण स्वामित्व वाली कंपनी इंडिया इन्फ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (आईआईएफसीएल) को 24 सितंबर 2025 को देहरादून में आयोजित प्रतिष्ठित "उत्तराखंड सीएसआर संवाद" में सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में उत्तराखंड के माननीय मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

इस आयोजन ने उत्तराखंड राज्य में सतत विकास को बढ़ावा देने में कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) की भूमिका पर विचार-विमर्श के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य किया। यह इस क्षेत्र की सामाजिक और आर्थिक प्रगति को आगे बढ़ाने के साझा दृष्टिकोण के साथ अग्रणी कॉर्पोरेट्स, नीति निर्माताओं और विकास कार्यकर्ताओं को एक साथ लाया।

शिक्षा के क्षेत्र में अपने समर्पित प्रयासों और प्रभावशाली पहलों के लिए, इस कार्यक्रम में आईआईएफसीएल को सम्मानित किया गया। विगत वर्षों में, आईआईएफसीएल ने शिक्षा को बढ़ावा देने, सीखने के परिणामों में सुधार लाने और गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक संसाधनों एवं बुनियादी ढाँचे तक पहुँच के माध्यम से युवाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से कई पहलें की हैं।

आईआईएफसीएल की ओर से यह सम्मान, आईआईएफसीएल के मुख्य महाप्रबंधक एवं सीएसआर प्रमुख श्री सुबोध शर्मा ने ग्रहण किया। इस अवसर पर बोलते हुए, उन्होंने उत्तराखंड सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया और शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सतत आजीविका पर विशेष ध्यान देते हुए, अपने सीएसआर कार्यक्रमों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में सार्थक योगदान देने के लिए आईआईएफसीएल की प्रतिबद्धता की पुनः पुष्टि की।

उत्तराखंड सीएसआर संवाद 2025 में आईआईएफसीएल को मिली मान्यता समावेशी विकास को गति देने और समुदायों के लिए दीर्घकालिक मूल्य सृजन हेतु इसके निरंतर प्रयासों का प्रमाण है। यह उपलब्धि एक मज़बूत, शिक्षित और सशक्त उत्तराखंड के निर्माण के राज्य सरकार के दृष्टिकोण का समर्थन करने के कंपनी के संकल्प को और सुदृढ़ करती है।